महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 31 व 33 जोन 03 दुर्गा मंदिर, खुर्सीपार का दौरा किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर देवेंद्र यादव बुधवार को जोन 04 खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 31 व 33 में शर्मा आश्रम, मस्जिद गली, मेन केनाल रोड, लोधीपारा, तेलुगु पारा, एवं रामचन्द्र होटल क्षेत्र के समीप स्थल का भ्रमण किया गया। महापौर ने प्रत्येक वार्ड में कम से कम 02 बोर का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये साथ ही लाईट की समस्या को लेकर जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक करने की बात कही। आज खुर्सीपार दौरा में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का जगह-जगह पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला से स्वागत किया गया श्री यादव सभी का अभिवादन स्वीकार करते व मिलते हुए आभार व्यक्त करते रहे। विभिन्न स्थानों पर श्री यादव को पानी , बिजली, सफाई, संबंध में वार्डवासियों के द्वारा अवगत कराया गया जिसके निराकरण करने हेतु तत्काल जोन आयुक्त संजय शर्मा को स्थल पर ही निर्देश दिए , समस्याओं के निराकरण के लिए सप्ताह में दो दिवस अण्डा चौक कार्यालय में उपस्थित रहकर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान वार्ड 33 में सीमेंटीकरण रोड के उपर नाली का गंदा पानी जमा हो गया है जिसके निराकरण के लिए संबंधित जोन के उप अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि नवनिर्मित नाली का पानी रोड पर क्यों इकट्ठा है , और आप लोगों द्वारा इस क्षेत्र का निरीक्षण नहीं किया जाता है। नाली निर्माण के समय लेबल क्यों चेक नहीं किया गया इसे सात दिवस के भीतर निराकरण कर मुझे अवगत करावें। इसी तरह से और निर्माण कार्य जो हो रहें हैं उसकी मॉनिटरिंग स्वयं स्थल पर उपस्थित होकर करें, ताकि कार्य पूर्ण होने के बाद कोई परेशानी आम नागरिकों को न हो, तथा समय-समय पर नालियों की सफाई करायें। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के दौरे के समय वार्ड 31 एवं 33 खुर्सीपार जोन 04 के जोन आयुक्त संजय शर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश चन्द्राकर, उप अभियंता रीमा हूमने, एआरओ मलखान सिंह सोरी, शेषगिरी राव एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे।